**Terms of Reference**
**Senior Consultant-RCH-Programme Implementation Plan (RCH Division, MoH&FW)**

National Health Systems Resource Centre (NHSRC), New Delhi, on behalf of the Ministry of Health & Family Welfare, is seeking applications from qualified candidates for the above-mentioned post purely on a contractual basis.

**Roles and Responsibilities:**

- Analyzing and appraising annual Programme Implementation Plans (PIPs) prepared by state/UTs.
- Provide handholding to States/UTs in preparation of annual PIPs through provision of technical assistance to State Programme Management Units in development of health plans and subsequent reflection of monetary requirements in their PIPs consistent with the national guidelines.
- Undertake planning visits to the States/UTs for assisting them in need-based budgeting and financial planning for RMNCH+A activities.
- Act as the primary interface of the RCH programme with the program managers in the State/UTs and coordinate with them for timely submission of State PIPs.
- Coordinate with different technical divisions under RCH programme of the Ministry of Health and Family Welfare for providing relevant inputs on the State PIPs.
- Ensure internal consistency with the State PIPs and its adherence with operational guidelines and protocols developed by the technical division.
- Undertake compilation and consolidation of all inputs and comments received from the technical divisions and communicate the same to States/UTs in order to ensure revision of State PIPs.
- Prepare comprehensive PIP appraisal notes for detailed review of State PIPs during the National Programme Coordination Committee (NPCC) meeting for Finalization of PIPs.
- Preparation of draft Record of Proceedings (RoPs) of RCH programme based on the discussions and decisions taken during the NPCC meetings, in coordination with the technical divisions.
- Work with the planning division of NHM for finalization of RoPs for all the States/UTs.
- Interact with the States/UTs for timely submission of supplementaiy RCH proposals based on the programmatic needs and roll-out of newer initiatives.
- Scrutinize and process supplementary proposals submitted by the State/UTs for approval of additional funding or for re appropriation of available funds.
- Participate in Common Review Mission of NHM for assessment of achievements made by the states and for identification of service delivery bottlenecks, and suggest appropriate steps to overcome them.
- Undertake other assignments, which may be assigned from time to time by the Reporting Authority
- Delivery of all the above tasks in a time bound manner.

**Eligibility:**

- Master of Arts in Sociology/ MSW/ Post Graduation in Social work/MBA in Health Management/Master's in Public Health from a reputed and recognized institution
- Minimum 5+ years of work experience, out of which 3-4 years must be in RCH programme at national or state level. Preference will be given to candidates with the experience of analyzing state Programme Implementation Plans.
- Demonstrated ability to work in a multi-disciplinary team environment.
- Excellent coordination skill and ability to work under pressure and in time bound manner.
- Computer proficiency with high level of familiarity with commonly used packages like MS Word, Excel, Power Point & Web surfing to search relevant data & documents.
- Excellent communication and presentation skills, analytical and interpersonal abilities, excellent oral and written communication skills in English. Working knowledge of Hindi also desirable.
- Willingness to travel to states & districts to provide technical assistance & ability to work on different assignments simultaneously to meet the timelines for assignments.
- Preference will be given it candidates who have worked in RCH programme under the National Health Mission at National or State level.

**Age Limit:** Upper Limit 60 years as on last date for receiving application and having sound health to undertake extensive Field visits.

**Remuneration Range:** Between Rs 90,000/- to 1,50,000/- per month

**Reporting:** Director (RCH), Ministry of Heath & Family Welfare.

**How to apply:** Candidates are requested to fill in the online application correctly, which is available on the NHSRC website (http://nhsrcindia.org). Applications will be accepted in the prescribed online application format only. The last date for receiving applications is **18-November-2025.**

# संदर्भ की शर्तें

**वरिष्ठ परामर्शदाता - आरसीएच - कार्यक्रम कार्यान्वयन योजना (आरसीएच डिवीजन, एमओएच एंड एफडब्ल्यू)**

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचआरसी), नई दिल्ली द्वारा पूरी तरह से संविदा के आधार पर उपर्युक्त पद के लिए योग्य उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

**भूमिका और उत्तरदायित्व:**

- राज्य/ संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा तैयार वार्षिक कार्यक्रम क्रियान्वयन योजना का विश्लेषण और मूल्यांकन करना
- स्वास्थ्य योजनाओं के विकास में राज्य कार्यक्रम प्रबंधन इकाइयों को तकनीकी सहायता प्रदान करके वार्षिक कार्यक्रम क्रियान्वयन योजनाओं में राज्य/ संघ राज्य क्षेत्रों को सहायता प्रदान करना और राष्ट्रीय दिशा निर्देशों के अनुसार उनके कार्यक्रम क्रियान्वयन योजनाओं में मौद्रिक आवश्यकता को दर्शाना।
- आरएमएनसीएच+ए गतिविधियों के लिए आवश्यकता आधारित और वित्तीय योजना में सहायता प्रदान करने के लिए राज्य/ संघ राज्य क्षेत्रों का योजना संबंधी दौरा करना।
- राज्य/ संघ कार्यक्रम प्रबंधकों के साथ आरसीएच कार्यक्रम के प्राथमिक संपर्क के तौर पर कार्य करना और राज्यों के कार्यक्रम क्रियान्वयन योजनाओं को समय पर प्रस्तुत करने हेतु उनके साथ समन्वय करना।
- राज्य कार्यक्रम क्रियान्वयन योजनाओं में संगत इनपुट प्रदान करने के लिए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के आरसीएच कार्यक्रम के तहत विभिन्न तकनीकी प्रभागों के साथ समन्वय करना।
- राज्य कार्यक्रम क्रियान्वयन योजनाओं के भीतर आंतरिक निरंतरता सुनिश्चित करना और तकनीकी प्रभाग द्वारा निर्मित प्रचालन दिशा-निर्देशों और प्रोटोकॉल का अनुपालन करना।
- तकनीकी प्रभागों से प्राप्त सभी इनपुट और टिप्पणी का समेकन करना तथा राज्य कार्यक्रम क्रियान्वयन योजनाओं में संशोधन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से राज्य/ संघ राज्य क्षेत्रों को इस संबंध में सूचित करना।
- पीआईपी को अंतिम रुप देने के लिए राष्ट्रीय कार्यक्रम समन्वय समिति (एनपीसीसी) के दौरान राज्य पीआईपी की विस्तृत समीक्षा हेतु व्यापक पीआईपी मूल्यांकन नोट तैयार करना।
- तकनीकी प्रभागों के साथ समन्वय करते हुए एनपीसीसी बैठकों के दौरान विचार विमर्श और लिए गए निर्णय के आधार पर आरसीएच कार्यक्रम के कार्यवाही दस्तावेज(आरओपी) का मसौदा तैयार करना।
- सभी राज्यों/ संघ राज्य क्षेत्रों हेतु आरओपी को अंतिम रुप देने के लिए एनएचएम के योजना प्रभाग के साथ कार्य करना।
- कार्यक्रम संबंधी आवश्यकता के आधार पर आरसीएच अनुपूरक प्रस्ताव को समय पर प्रस्तुत करने तथा नई पहल आरंभ करने के लिए राज्य/ संघ राज्य क्षेत्रों के साथ संपर्क रखना।
- अतिरिक्त वित्तपोषण के अनुमोदन हेतु तथा उपलब्ध निधियों के पुनर्विनियोजन हेतु /राज्य संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा प्रस्तुत अनुपूरक प्रस्तावों की जांच करना तथा उन्हें निपटाना।

- राज्यों द्वारा प्राप्त उपलब्धियों का आकलन करने तथा सेवा प्रदान करने में आने वाली बाधाओं की पहचान और उनका समाधान करने के लिए उपयुक्त उपायों के सुझाव देने के लिए एनएचएम के सामान्य समीक्षा मिशन में भाग लेना।
- रिपोर्टिंग प्राधिकारी द्वारा समय समय पर प्रदान किए गए अन्य कार्यों को करना।
- ऊपर दिए गए सभी कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा करना ।

**पात्रता:**

- किसी प्रतिष्ठित एवं मान्यता प्राप्त संस्थान से समाजशास्त्र में एम.ए./एम.एस.डब्लू./सामाजिक कार्य में स्नातकोत्तर डिग्री/स्वास्थ्य प्रबंधन में एम.बी.ए./सार्वजनिक स्वास्थ्य में स्नातकोत्तर डिग्री।
- न्यूनतम 5+ वर्ष का अनुभव। जिसमें से 3-4 वर्ष का अनुभव आरसीएच कार्यक्रम में राष्ट्रीय या राज्य स्तर पर हो । राज्य कार्यक्रम क्रियान्वयन योजनाओं के विश्लेषण का अनुभव रखने वाले उम्मीदवारों को वरीयता दी जाएगी।
- अत्यधिक दबाव में और समयबद्ध तरीके से कार्य करने का उत्कृष्ट समन्वय कौशल तथा क्षमता।
- एमएस वर्ल्ड, एक्सेल , पावर प्वॉइंट जैसे आमतौर पर उपयोग किए जाने वाले पैकेजों और संगत आंकड़े तथा दस्तावेज ढूंढने के लिए वेब सर्फिंग की उच्च स्तरीय जानकारी सहित कंप्यूटर में पारंगत हों।
- उत्कृष्ट संप्रेषण और प्रस्तुतीकरण कौशल, विश्लेषणात्मक और अंतर्वैक्तिक क्षमता, अंग्रेजी में उत्कृष्ट मौखिक और लिखित संप्रेषण कौशल। हिंदी का कार्यसाधक ज्ञान भी वांछनीय है।
- परियोजनाओं की समय-सीमा के भीतर कार्य करने के साथ-साथ कई अलग-अलग परियोजनाओं पर कार्य करते हुए तकनीकी सहायता और क्षमता उपलब्ध कराने हेतु राज्यों और जिलों की यात्रा करने हेतु तैयार रहना।
- राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत आरसीएच कार्यक्रम में जिन अभ्यर्थियों ने कार्य किया है उन्हें वरीयता दी जाएगी।

**रिपोर्टिंग अधिकारीः** निदेशक आरसीएच स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय।

**आयु सीमा:** आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तारीख तक ऊपरी आयु सीमा 60 वर्ष और अधिक क्षेत्रीय दौरों को करने के लिए अच्छा स्वास्थ्य होना चाहिए।

**पारिश्रमिक:** प्रतिमाह 90,000/-रु. से 1,50,000/-रु. के बीच।

**स्थान:** दिल्ली

**आवेदन कैसे करें:** अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि एनएचएसआरसी की वेबसाइट (http://nhsrcindia.org) पर उपलब्ध ऑनलाइन आवेदन को सही-सही भरें। आवेदन निर्धारित ऑनलाइन आवेदन प्रारूप में ही स्वीकार किए जाएंगे। आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि **18-November-2025** है।